# Rajasthan Technical University, Kota
## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in


No. F(27)/RTU/COE/Exam/XIV Convocation/2025/7320-25 Dated: 13/2/2025

**अति–आवश्यक**

**प्राचार्य / निदेशक**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय**
**राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय**
**कोटा (राज0)**

विषय :– विश्वविद्यालय के चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह–2025 की अस्थायी वरीयता सूची (provisional merit list) के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

सन्दर्भः– विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र दिनांक 03.01.2025, 03.02.2025 एवं 05.02.2025।

महोदय,

माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर से प्राप्त निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय का चतुर्दशः (XIV) दीक्षान्त समारोह दिनांक **25 मार्च, 2025** को आयोजित किया जा रहा है। दीक्षान्त समारोह–2025 के योग्य विद्यार्थियों की अस्थायी वरीयता सूची (provisional merit list) नियमानुसार तैयार कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं वेब पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। संबंधित महाविद्यालयों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **अस्थायी वरीयता सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो दस्तावेजों सहित ई–मेल आईडी convocation@rtu.ac.in पर दिनांक 22.02.2025 तक भेजना सुनिश्चित करें, इसके पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं स्थायी / अन्तिम वरीयता सूची (final merit list) जारी कर दी जायेगी।** नियमानुसार अस्थायी वरीयता सूची निम्नानुसार तैयार की गई है:–

I. **बी.टेक. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम** :– बी.टेक. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम की अस्थायी वरीयता सूची विद्यार्थियों द्वारा सभी सेमेस्टरों में प्राप्त किए गए वास्तविक प्राप्तांको (actual obtained marks) के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है, न कि CBCS के अन्तर्गत प्राप्त CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने के उपरान्त प्राप्त प्रतिशत के आधार पर। अतः अस्थायी वरीयता सूची में विद्यार्थियों की स्थिति समस्त सेमेस्टरों के वास्तविक प्राप्तांको के अनुसार देखी जाए, न कि CGPA के परिवर्तित प्राप्तांको के प्रतिशत के अनुसार।

II. **बी.आर्क. पाठ्यक्रम** :– बी.आर्क. पाठ्यक्रम में CBCS योजना लागू नही है, इसलिए इस पाठ्यक्रम की अस्थायी वरीयता सूची स्वतः ही समस्त सेमेस्टरों के प्राप्तांको के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है।

III. **एम.बी.ए. पाठ्यक्रम** :– एम.बी.ए. पाठ्यक्रम की अस्थायी वरीयता सूची भी समस्त सेमेस्टरों के वास्तविक प्राप्तांको (actual obtained marks) के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है, न कि CBCS के अन्तर्गत प्राप्त CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने के उपरान्त प्राप्त प्रतिशत के आधार पर। एम.बी.ए. पाठ्यक्रम स्कीम के अनुसार चारों सेमेस्टरों में ऑडिट कोर्स (audit course) केवल अर्हकारी (qualifying) है। अतः ऑडिट कोर्स के प्राप्तांक अस्थायी वरीयता

# Rajasthan Technical University, Kota
## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examdegreecell@rtu.ac.in


सूची में सम्मिलित नही किये गये है। साथ ही एम.बी.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में SODECA भी अर्हकारी (qualifying) है जिसके प्राप्तांक भी अस्थायी वरीयता सूची में सम्मिलित नही किये गये है। अतः अस्थायी वरीयता सूची में विद्यार्थियों की स्थिति का उक्तानुसार अवलोकन किया जाए।

**IV.** **एम.टेक. पाठ्यक्रम** :– विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार सत्र 2022–23 में एम.टेक. पाठ्यक्रम नामांकित विद्यार्थियों के लिए एम.टेक. चतुर्थ सेमेस्टर हेतु निर्धारित लघु शोध प्रबन्ध (Dissertation) दिनांक 31.08.2024 तक जमा करवाने एवं उनका Viva-Voce दिनांक 31.10. 2024 तक **सफलतापूर्वक** सम्पन्न होने वाले विद्यार्थियों को नियमानुसार अस्थायी वरीयता सूची में सम्मिलित किया गया है। एम.टेक. पाठ्यक्रम की अस्थायी वरीयता सूची भी समस्त सेमेस्टरों के वास्तविक प्राप्तांको (actual obtained marks) के आधार पर नियमानुसार तैयार की गई है, न कि CBCS के अन्तर्गत प्राप्त CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने के उपरान्त प्राप्त प्रतिशत के आधार पर। एम.टेक. पाठ्यक्रम स्कीम के अनुसार द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में ऑडिट कोर्स (audit course) केवल अर्हकारी (qualifying) है। अतः ऑडिट कोर्स के प्राप्तांक अस्थायी वरीयता सूची में सम्मिलित नही किये गये है।

**उल्लेखनीय है कि अस्थायी वरीयता सूची में ऐसे विद्यार्थी जिन्होने अपनी डिग्री बेक परीक्षा (Back Exam), ग्रेस अंक (Grace Marks) अथवा पाठ्यक्रम अंतराल (Course Gap) लेने के उपरान्त पूर्ण की है, नियमानुसार उन्हें अस्थायी वरीयता सूची में शामिल नही किया गया है।**

अतः सभी योग्य विद्यार्थियों को इस सम्बन्ध में अवगत करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का श्रम करें। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाईट एवं पोर्टल के सतत सम्पर्क में रहें।

**(प्रो. विवेक पाण्डेय)**
**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपि :—सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. डीन, फेकल्टी अफेयर्स, यू.डी., आरटीयू, कोटा
3. प्राचार्य/निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
4. चीफ प्रोक्टर, यूडी, आरटीयू, कोटा
5. सहायक कुलसचिव (परीक्षा गोपनीय–द्वितीय)
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा आयोजन)
7. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू, कोटा

**(सत्यपाल यादव)**
**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर